# **निजता नीति**

## **आखिरी बार अपडेट होने की तारीख: 12/08/2025**

## **इस नोटिस के बारे में जानकारी**

यह निजता नोटिस ("नोटिस") Remitly की वेबसाइट [remitly.com](http://remitly.com), Remitly मोबाइल ऐप, और Remitly के स्वामित्व वाली अन्य वेबसाइटों, ऐप्लिकेशन या प्रोग्राम पर लागू होता है, जो इस नोटिस से जुड़े हैं. निजता संबंधी आम सवालों के जवाब पाने के लिए, कृपया हमारे [निजता सहायता केंद्र](https://www.remitly.com/help/article/06b7299f-0ba6-4dd5-b33b-8f6a82edda65) पर जाएं. इन सवालों के जवाबों में हमारी निजता प्रक्रियाओं का अवलोकन और आपके निजता अधिकार शामिल हैं.

यह नोटिस, हमारी कुकी नीति और लागू सेवा अनुबंध(अनुबंधों) के साथ हमारी सेवाओं के आपके उपयोग पर लागू होता है, जिसमें Remitly [उपयोगकर्ता अनुबंध](https://www.remitly.com/us/en/home/agreement) भी शामिल है, लेकिन यह सूची इसी तक सीमित नहीं है.

इस नोटिस में जहां कहीं भी हमने अंग्रेज़ी के कैपिटल लेटर और वाक्यांशों का उपयोग किया है (जैसे कि अनुबंध, अकाउंट, प्रोफ़ाइल, सेवाएं और ट्रांज़ेक्शन), इनका वही अर्थ है, जो लागू उपयोगकर्ता अनुबंध में दिया गया है और यह तब तक वही रहेगा, जब तक कि हम इन्हें इस नोटिस में अलग तरीके से परिभाषित नहीं करते.

डेटा प्राइवेसी फ़्रेमवर्क नोटिस

Remitly EU-U.S. डेटा प्राइवेसी फ़्रेमवर्क (EU-U.S. DPF), EU-U.S. DPF के UK एक्सटेंशन (UK एक्सटेंशन) और स्विस-अमेरिका डेटा प्राइवेसी फ़्रेमवर्क (Swiss-U.S. DPF) का पालन U.S. डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स (संयुक्त रूप से, “DPF”) द्वारा निर्धारित नियमों के तहत करता है.

यह DPF सर्टिफ़िकेशन, Remitly, Inc. (U.S.) के साथ-साथ यहां कवर की गई और नीचे दी गई अमेरिका आधारित संस्थाओं और अमेरिकी सहायक कंपनियों पर भी लागू होता है:

- Remitly Global Operations, Inc.
- Remitly Global, Inc.

- Remitly Holdings, Inc.
- Remitly ADV, Inc.
- Remitly LS, Inc.
- Remitly Services Holdings, Inc.

हमें U.S. डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स की ओर से इस बात के लिए प्रमाण-पत्र मिला है कि हम यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम और स्विट्ज़रलैंड से प्राप्त व्यक्तिगत डेटा के संबंध में संबंधित फ़्रेमवर्क के आधार पर DPF के सिद्धांतों का पालन करते हैं. डेटा प्राइवेसी फ़्रेमवर्क (“DPF”) प्रोग्राम के बारे में ज़्यादा जानने और हमारा सर्टिफ़िकेशन देखने के लिए, कृपया यहां जाएं: [www.dataprivacyframework.gov](https://www.dataprivacyframework.gov/).

हमारा DPF अनुपालन, फ़ेडरल ट्रेड कमीशन (FTC) के अधिकार-क्षेत्र के तहत आता है. कुछ मामलों में, हमें इस नीति में बताए गए अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा या कानून लागू करने वाली एजेंसियों की ज़िम्मेदारियों को पूरा करने सहित, सार्वजनिक अधिकारियों के वैध अनुरोधों के जवाब में व्यक्तिगत डेटा का खुलासा करना पड़ सकता है.

हम DPF के तहत हासिल किए गए व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बाद में इसे अपनी ओर से तीसरे पक्ष के एजेंटों को ट्रांसफ़र करेंगे. हम DPF की आगे ट्रांसफ़र करने की शर्तों का पालन करते हैं, जिसमें ज़िम्मेदारी से जुड़े प्रावधान भी शामिल हैं.

DPF के तहत प्रोसेस किए गए व्यक्तिगत डेटा (HR डेटा और गैर-HR डेटा) से संबंधित अनसुलझी गोपनीयता शिकायतों के लिए, Remitly उपयुक्त तरीके से EU डेटा प्रोटेक्शन अथॉरिटीज़ (DPAs), UK इन्फ़ॉर्मेशन कमिश्नर ऑफ़िस (ICO) और स्विस फ़ेडरल डेटा प्रोटेक्शन एंड इन्फ़ॉर्मेशन कमिश्नर (FDPIC) के साथ सहयोग करता है. इस स्वतंत्र समाधान प्रणाली के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है. अगर इन चैनलों के माध्यम से शिकायत का समाधान नहीं होता है, तो कुछ शर्तों के तहत, आप DPF की आधिकारिक वेबसाइट पर बताए गए तरीके के अनुसार बाध्यकारी मध्यस्थता का सहारा ले सकते/सकती हैं.कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी और रोड आइलैंड के निवासियों के लिए नोटिस

व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा किए जाने के बारे में नोटिस: हम जिन श्रेणियों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करते हैं, उन्हें नीचे "हम कौन-सा व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करते हैं?" शीर्षक के तहत सूचीबद्ध किया गया है. हम कारोबार और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए आपसे जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करते हैं, जैसा कि नीचे "हम आपके व्यक्तिगत

डेटा का उपयोग कैसे करते हैं या उसे कैसे प्रोसेस करते हैं?" शीर्षक के तहत बताया गया है बिक्री या व्यक्तिगत जानकारी न देने का विकल्प चुनने के तरीके के साथ-साथ और ज़्यादा जानकारी पाने के लिए, कृपया नीचे दिए गए "प्रांत विशेष की निजता की शर्तें" सेक्शन को देखें.

## **हम कौन हैं?**

हमारी सेवाओं के द्वारा उपलब्ध कराया गया या इकट्ठा किया गया कोई भी व्यक्तिगत डेटा, आपके निवास के देश के आधार पर, उचित Remitly एफ़िलिएट द्वारा नियंत्रित किया जाता है. यह निर्धारित करने के लिए कि कौन-सी संस्था आपके व्यक्तिगत डेटा के संग्रह और उपयोग को नियंत्रित करती है, इस नोटिस के "आपके साथ हमारा संबंध" सेक्शन में दी गई लिस्ट देखें.

## **हम कौन-सा व्यक्तिगत डेटा एकत्रित करते हैं?**

हम आपका जो व्यक्तिगत डेटा एकत्रित करते हैं, वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप हमसे और हमारे उत्पादों और सेवाओं से किस तरह से जुड़े/जुड़ी हैं. जब हम "व्यक्तिगत डेटा" या "व्यक्तिगत जानकारी" कहते हैं, तो हमारा मतलब किसी पहचाने गए या पहचाने जाने योग्य व्यक्ति से संबंधित किसी भी जानकारी से होता है. हम जो व्यक्तिगत डेटा या जानकारी इकट्ठा करते हैं, उनकी श्रेणियां और खास प्रकार निम्नलिखित हैं:

*मूलभूत पहचान संबंधी जानकारी*: इसमें आपका पूरा नाम (उपनाम सहित), डाक पता, ई-मेल पता, फोन नंबर, जन्म तिथि, लिंग, व्यवसाय और नियोक्ता, उपयोगकर्ता नाम या सोशल मीडिया हैंडल, या अन्य समान पहचानकर्ता (हमारे सिस्टम में आपको पहचानने के लिए हमारे द्वारा स्वचालित रूप से तैयार किया गया ग्राहक आईडी सहित) शामिल हैं.

*ग्राहक सहायता जानकारी:* वह जानकारी जो आप हमें ग्राहक सेवा या हमारे कार्यालयों से संपर्क करते समय देते/देती हैं, जिसमें कॉल रिकॉर्डिंग भी शामिल है (जैसे कि जब हम गुणवत्ता आश्वासन के लिए ग्राहक सेवा कॉल रिकॉर्ड करते हैं).

*सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र या रिकॉर्ड*: इसमें आपका ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या देश की सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र \[जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, सैन्य या आव्रजन पहचान पत्र या वीज़ा, राष्ट्रीय पहचान पत्र, जापान "मेरा नंबर" (व्यक्तिगत नंबर कार्ड)\] शामिल हैं. साथ ही, आपके पहचान दस्तावेज़ के साथ आपकी तस्वीर या रिकॉर्डिंग, पते के प्रमाण के रिकॉर्ड (जैसे, यूटिलिटी बिल, ऋण या बंधक विवरण), टैक्स रेफ़रेंस नंबर, सोशल सिक्यूरिटी नंबर या आप अपने ट्रांज़ेक्शन के लिए धन कैसे जुटाएंगे/जुटाएंगी, इसका प्रमाण (जैसे, बैंक विवरण या

वेतन पर्ची).

*मार्केटिंग और संचार से जुड़ी जानकारी*: इसमें हमसे और हमारे तीसरे पक्षों से मार्केटिंग हासिल करने के लिए आपकी प्राथमिकताएं, संचार प्राथमिकताएं और बाज़ार अनुसंधान, विज्ञापन नेटवर्क या विश्लेषण प्रदाताओं से वैध रूप से मिलने वाली जानकारी शामिल होती है.

*भुगतान की जानकारी:* इसमें आपके वित्तीय या भुगतान से जुड़े संसाधन का विवरण (या तो डेबिट/क्रेडिट कार्ड) या बैंक अकाउंट का विवरण शामिल होता है.

*प्रचार और प्रतिस्पर्धा से जुड़ी जानकारी*: इसमें आपका नाम और ईमेल पता और कुछ अन्य व्यक्तिगत जानकारी शामिल है, जिन्हें आपसे प्रचार या प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए उपलब्ध कराने को कहा जा सकता है.

*प्राप्तकर्ता की जानकारी:* आपके प्राप्तकर्ता का पूरा नाम, डाक पता, फ़ोन नंबर, संवितरण के चुने गए तरीके के आधार पर कुछ वित्तीय संस्थानों या वित्तीय अकाउंट के विवरण, जैसे बैंक अकाउंट या मोबाइल वॉलेट अकाउंट इसमें शामिल है. अगर इस बारे में कोई विवाद है कि आपके प्राप्तकर्ता को पैसा प्राप्त हुआ है या नहीं, तो हम आपसे अतिरिक्त जानकारी मांग सकते हैं, ताकि हम वित्तीय संस्थान के साथ उनकी पहचान सत्यापित कर सकें.

*Remitly Flex की जानकारी*: इसमें आपका ट्रांज़ेक्शन इतिहास (एक यूनीक ट्रांज़ेक्शन रेफ़रेंस नंबर सहित), ट्रांज़ेक्शन रसीदें, ट्रांज़ेक्शन का मकसद, आपकी औसत ट्रांज़ेक्शन राशि, तथा अन्य जानकारी शामिल है, जिसे हम धन शोधन विरोधी कानून का अनुपालन करने तथा आपके ग्राहक दायित्वों को जानने के लिए इकट्ठा करते हैं.

*संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा:* इसमें बायोमेट्रिक डेटा शामिल है, जिसके तहत मुख्य रूप से आपके द्वारा पहचान सत्यापित करने के लिए प्रदान की गई फ़ोटो और वीडियो से फ़ेस स्कैन की जानकारी और आपके अकाउंट की सुरक्षा और संदिग्ध या धोखाधड़ी वाली गतिविधि की पहचान करने के लिए लॉगिन गतिविधि और हमारी साइट के साथ आपके इंटरैक्शंस की निगरानी करना शामिल है. वैसे तो हम आपके बायोमेट्रिक डेटा को प्रोसेस नहीं करते हैं, लेकिन हमारा पहचान सत्यापन सेवा प्रदाता, Onfido हमारी ओर से इसे प्रोसेस करता है.

*सर्वेक्षण और फ़ीडबैक* से जुड़ी जानकारी: इसमें आपका नाम, ईमेल पता या अन्य संपर्क जानकारी, सर्वेक्षणों की प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं, फ़ीडबैक, प्रशंसापत्र और कुछ अन्य व्यक्तिगत जानकारी जैसी चीज़ें शामिल हैं, जिन्हें आपसे उपलब्ध कराने के लिए कहा जा सकता है.

*तकनीकी जानकारी:* इसमें हमारी सेवाओं को ऐक्सेस करने के लिए आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर, नेटवर्क जानकारी, इंटरनेट सेवा प्रदाता, ऑपरेटिंग सिस्टम, आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले ब्राउज़र का प्रकार, खास डिवाइस आइडेंटिफ़ायर (उदाहरण के लिए आपके डिवाइस का IMEI नंबर, MAC पता या मोबाइल नंबर), IP पता अन्य मिलते-जुलते खास आइडेंटिफ़ायर, आपकी मौजूदा लोकेशन (GPS तकनीक का उपयोग करके इसे हासिल किया जाता है, जिसके काम करने के लिए हमारी कुछ लोकेशन सक्षम सेवाओं को आपके व्यक्तिगत डेटा की आवश्यकता होती है).

*ट्रांज़ेक्शन संबंधी जानकारी*: इसमें आपका ट्रांज़ेक्शन इतिहास (एक यूनीक ट्रांज़ेक्शन रेफ़रेंस नंबर सहित), ट्रांज़ेक्शन रसीदें, ट्रांसफ़र का मकसद, प्राप्तकर्ता या अधिकृत उपयोगकर्ता के साथ संबंध, आपकी औसत ट्रांज़ेक्शन राशि, आप हमारी सेवाओं का कितनी बार उपयोग करते/करती हैं, अगर आप एक से ज़्यादा प्राप्तकर्ताओं को भेजते/भेजती हैं या आपके पास एक से ज़्यादा अधिकृत उपयोगकर्ता हैं, तथा अन्य जानकारी शामिल है, जिसे हम धन शोधन विरोधी कानून का अनुपालन करने तथा आपके ग्राहक दायित्वों को जानने के लिए इकट्ठा करते हैं.

*उपयोग की जानकारी:* इसमें हमारी सेवाओं या साइट से आपके इंटरैक्शन या ब्राउज़िंग या खोज गतिविधि की जानकारी शामिल है.

कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी और रोड आइलैंड के निवासी कृपया ध्यान दें कि हम सोशल सिक्यूरिटी नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य पहचान पत्र या पासपोर्ट संख्या और कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी, रोड आइलैंड और संघीय कानून के तहत *संरक्षित वर्गीकरण*, लिंग और आयु सहित *संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी* इकट्ठा कर सकते हैं.

## **हम आपका व्यक्तिगत डेटा किस तरह से एकत्रित करते हैं?**

हम अलग-अलग स्रोतों से आपका व्यक्तिगत डेटा एकत्रित करते हैं. उदाहरण के लिए, हम निम्नलिखित जानकारी एकत्रित और हासिल करते हैं:

सीधा आप से

हम आपके द्वारा प्रदान किए गए व्यक्तिगत डेटा को एकत्रित करते हैं, जैसे कि जब आप हमारी सेवा का उपयोग

करते/करती हैं, अकाउंट या प्रोफ़ाइल बनाते/बनाती हैं, हमसे संपर्क करते/करती हैं (चैट के माध्यम से), सर्वेक्षण का जवाब देते/देती हैं, इवेंट्स में हमारे साथ बातचीत करते/करती हैं, स्वीपस्टेक, प्रतियोगिता या अन्य समान कैंपेन या प्रमोशन में भाग लेते/लेती हैं, सर्वेक्षण का जवाब देते/देती हैं, समीक्षा पोस्ट करते/करती हैं, या ईमेल, टेक्स्ट मैसेज और/या डाक मेलिंग पाने के लिए साइन अप करते/करती हैं.

कुकीज़ और डेटा एकत्रित करने की अन्य ऑटोमैटिक तकनीकों का उपयोग करना

जब आप हमारी वेबसाइट पर जाते/जाती हैं, हमारे ऐप का उपयोग करते/करती हैं, हमारी तरफ़ से भेजे गए ईमेल खोलते/खोलती हैं या उस पर क्लिक करते/करती हैं या हमारे विज्ञापनों से रुबरु होते/होती हैं, तो हम या तीसरे पक्ष जिनके साथ हम काम करते हैं, कुकीज़, वेब बीकन, स्पष्ट GIF, पिक्सेल, इंटरनेट टैग, वेब सर्वर लॉग और डेटा एकत्रित करने के अन्य टूल का उपयोग करके ऑटोमैटिक तौर पर कुछ जानकारी एकत्रित करते हैं. ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया हमारी [कुकी नीति](https://www.remitly.com/us/en/home/cookies) देखें.

अन्य स्त्रोतों से

हम अन्य स्त्रोतों से या सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध स्त्रोत के ज़रिए आपके बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं, जैसे डेटा एनालिटिक्स प्रदाता, मार्केटिंग या विज्ञापन सेवा प्रदाता, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म या नेटवर्क, धोखाधड़ी की रोकथाम या पहचान सत्यापित करने वाले सेवा प्रदाता, इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस, क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियां, विक्रेता जो हमारी तरफ़ से सेवाएं देते हैं.

## **हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग कैसे करते हैं या उसे कैसे प्रोसेस करते हैं?**

हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग सिर्फ़ तभी करेंगे, जब कानून हमें इसकी अनुमति देगा. आप जिस देश में हैं, उसके आधार पर हम आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने के लिए निम्नलिखित कानूनी आधारों पर भरोसा करते हैं:

कानूनी दायित्वों का अनुपालन करना

हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग अपने कानूनी या नियामक दायित्वों का पालन करने, अपने अधिकारों को स्थापित करने या उनका प्रयोग करने तथा कानूनी दावे के विरुद्ध बचाव करने के लिए करते हैं.

## सुरक्षा और धोखाधड़ी की रोकथाम

हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग संभावित दुर्भावनापूर्ण, भ्रामक, धोखाधड़ी या अवैध गतिविधि का पता लगाने, जांच करने, रोकने या कार्रवाई करने के लिए करते हैं, जिसमें धोखाधड़ी वाले ट्रांज़ेक्शन, हमारी नीतियों, प्रक्रियाओं और नियमों और शर्तों में हेरफ़ेर करने या उनका उल्लंघन करने का प्रयास, सुरक्षा घटनाएं, और Remitly और हमारे उपयोगकर्ताओं, ग्राहकों, कर्मचारियों या अन्य लोगों के अधिकारों, संपत्ति या सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना शामिल है.

## लागू कानूनों का अनुपालन

हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने के लिए करते हैं, जैसे कि "अपने ग्राहक को जानें", धन शोधन विरोधी आवश्यकताएं, प्रतिबंध कानून तथा जोखिम जांच, जोखिम स्कोरिंग, धोखाधड़ी, आतंकवाद वित्तपोषण निरोधक, उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण के संबंध में अलग-अलग संबद्ध विनियामक नियम और मार्गदर्शन.

## अनुबंध के निष्पादन के लिए

### अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए

जब आप हमारी सेवाओं को ऐक्सेस करते/करती हैं या उन्हें इस्तेमाल करते/करती हैं, तो हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करते हैं, जिसमें आपके लेन-देन को प्रोसेस करना, आपके अकाउंट को व्यवस्थित और प्रबंधित करना, प्रोमोशनल ऑफ़र या पुरस्कार, और भुगतान प्रक्रिया को पूरा करना शामिल है.

### आपसे संपर्क करना

हम आपके साथ संवाद करने के लिए आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करते हैं, जैसे कि आपके अनुरोधों, पूछताछ, मुद्दों या फ़ीडबैक का जवाब देने और/या फ़ॉलो अप कार्रवाई करने और ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए.

सहमति या वैध हित

मार्केटिंग और प्रचार संबंधी मकसद

हम मार्केटिंग और प्रचार से जुड़े उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करते हैं, जैसे कि ईमेल, टेक्स्ट मैसेज या डाक मेल के माध्यम से मार्केटिंग, विज्ञापन और प्रचार संबंधी संचार को भेजना; आपको सोशल मीडिया और अन्य वेबसाइटों पर आपकी दिलचस्पी के मुताबिक उत्पादों और/या सेवाओं के विज्ञापन दिखाने के लिए; और हमारे नए ग्राहक प्रचार, स्वीपस्टेक्स, प्रतिस्पर्धाओं और अन्य मिलते-जुलते प्रचारों को प्रबंधित करने के लिए.

विश्लेषण और सेवाओं को अपने मुताबिक बनाना

हम व्यक्तिगत डेटा का उपयोग अपनी सेवाओं और उत्पाद पेशकशों को बेहतर बनाने के साथ-साथ शोध और विश्लेषण करने के लिए करते हैं. साथ ही, यह समझने के लिए करते हैं कि आप कैसे हमारी वेबसाइट, मोबाइल ऐप, विज्ञापनों से संपर्क में रहते/रहती हैं और हमारी वेबसाइट, ऐप और मार्केटिंग कैंपेन (कारोबार और मार्केटिंग विश्लेषण) को बेहतर बनाने के लिए आपसे बातचीत करते हैं; आपके अनुभव को वैयक्तिकृत बनाने के लिए, हमारी वेबसाइट और ऐप पर जाने पर आपके समय को बचाने के लिए, और हमारी तरफ़ से आपको दिखाए जाने वाले मार्केटिंग और विज्ञापन को आपके मुताबिक तैयार करने के लिए; यह समझने के लिए कि आप हमारे ऐप और वेबसाइट का उपयोग कैसे करते/करती हैं.

अन्य कारोबारी या वाणिज्यिक मकसद

आपके निर्देश या आपकी सहमति से, हम किसी अन्य कारोबारी या वाणिज्यिक मकसद को पूरा करने के लिए कुछ व्यक्तिगत डेटा प्रोसेस कर सकते हैं.

आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने के लिए हमारे पास मौजूद कानूनी आधारों के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिया गया सेक्शन देखें, जिसका शीर्षक है, "आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने के लिए हमारा कानूनी आधार क्या है?".

## **हम आपका व्यक्तिगत डेटा किसके साथ शेयर करते हैं?**

इस निजता नोटिस में कहीं और चर्चा की गई खास परिस्थितियों के अतिरिक्त, हम निम्नलिखित परिस्थितियों में व्यक्तिगत डेटा का प्रकटीकरण करते हैं:

कॉर्पोरेट एफ़िलिएट्स के साथ

हम अपनी मूल कंपनी, एफ़िलिएट्स और सहायक कंपनियों के साथ-साथ, अपने कॉर्पोरेट एफ़िलिएट्स के साथ व्यक्तिगत डेटा शेयर कर सकते हैं. ऐसे कॉर्पोरेट एफ़िलिएट्स हमारी ओर से सेवाएं प्रदान करने के लिए या अन्य परिस्थितियों में आपकी सहमति से या कानून की ओर से अनुमत या आवश्यक होने पर, व्यक्तिगत डेटा प्रोसेस करते हैं.

सेवा प्रदाताओं के साथ

हम कुछ व्यक्तिगत डेटा तीसरे पक्षों के उन लोगों की कंपनियों के साथ शेयर करते हैं, जो हमारे मुख्य कारोबारी कामों और आंतरिक संचालन में मदद करती हैं. इसमें बैंक, संवितरण प्रदाता या आपके ट्रांज़ेक्शन या अन्य वित्तीय सेवा अनुरोधों (भुगतान प्रोसेसर सहित) को पूरा करने वाले अन्य वित्तीय संस्थान, पहचान सत्यापन या KYC सेवा प्रदाता, तीसरे पक्ष, जो डाक मेल, ई-मेल और टेक्स्ट मैसेज भेजने के लिए सॉफ़्टवेयर और टूल प्रदान करते हैं या ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं, मार्केटिंग सहायता प्रदान करने वाले, हमारी समीक्षाओं का प्रबंधन करने वाले, धोखाधड़ी की गतिविधियों की जांच करने वाले, ग्राहक सर्वेक्षण आयोजित करने वाले और आउटसोर्स किए गए ग्राहक सेवा प्रदाता शामिल हैं.

थर्ड-पार्टी पार्टनर्स के साथ

हम आपका व्यक्तिगत डेटा उन थर्ड-पार्टी पार्टनर्स के साथ शेयर कर सकते हैं, जिनके साथ मिलकर हमने उत्पाद, सेवा या संयुक्त प्रमोशन बनाने और ऑफ़र करने के लिए पार्टनरशिप की है. अगर हमें यह संदेह होता है कि आपकी ओर से हमारी शर्तों का उल्लंघन हो रहा है या आप धोखाधड़ी वाली गतिविधि में लिप्त हैं, तो हम आपके व्यक्तिगत डेटा को अपने बैंकिंग या वितरण से जुड़े पार्टनर्स के साथ भी शेयर कर सकते हैं, क्योंकि यह हमारे कारोबार से जुड़ा मामला है. आपकी जानकारी का उपयोग इस निजता नोटिस के तहत नहीं होता है, बल्कि उनकी अपनी निजता नीतियों के तहत होता है.

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और नेटवर्क के लिए

हमारी कुछ वेबसाइटों पर तीसरे पक्ष की ओर से उपलब्ध कराए गए प्लगइन्स, विजेट या अन्य टूल जैसी सुविधाएं हैं, जिसकी वजह से हमारे और तीसरे पक्ष के बीच जानकारी इकट्ठा या शेयर की जा सकती है. आपकी जानकारी का उपयोग इस निजता नोटिस के तहत नहीं होता है, बल्कि उनकी अपनी निजता नीतियों के तहत होता है.

कारोबारी ट्रांज़ेक्शन के लिए

अगर हम किसी विलय, कॉर्पोरेट ट्रांज़ेक्शन या अपनी कुछ या सभी कारोबारी संपत्तियों के ट्रांसफ़र से संबधित किसी अन्य स्थिति में शामिल होते हैं, तो हम आपकी जानकारी को कारोबारी संस्थाओं या सौदेबाज़ी या ट्रांसफ़र में शामिल लोगों के साथ शेयर कर सकते हैं.

कानूनी प्रक्रिया के लिए

हम समन, वारंट, न्यायालय के आदेश, सरकारी पूछताछ या जांच की प्रतिक्रिया में या प्रासंगिक कानूनों और विनियमों के अनुपालन के लिए व्यक्तिगत डेटा का प्रकटीकरण कर सकते हैं. हम अपने अधिकारों या दूसरों के अधिकारों को लागू करने, उन्हें चलन में लाने के लिए या उनकी रक्षा करने के लिए भी जानकारी का प्रकटीकरण कर सकते हैं; कानूनी दावे से बचाव के लिए; हमारे प्लेटफ़ॉर्म पर आने वालों के बचाव और सुरक्षा के लिए; धोखाधड़ी का पता लगाने और उसकी रोकथाम के लिए; और संभावित अवैध गतिविधियों या हमारी नीतियों के उल्लंघन के संबंध में कार्रवाई करने के लिए भी हम ऐसा कर सकते हैं.

अन्य उदाहरण

हम आपसे पूछ सकते हैं कि क्या आप अपनी जानकारी तीसरे पक्ष के उन अन्य लोगों या संगठनों के साथ शेयर करना चाहते/चाहती हैं, जिनका उल्लेख इस नोटिस में कहीं और नहीं किया गया है.

## **हम संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा क्यों प्रोसेस करते हैं?**

हम आपसे हमारे किसी पहचान सत्यापन प्रदाता को बायोमेट्रिक डेटा उपलब्ध कराने के लिए कह सकते हैं. जहां डेटा संरक्षण कानून हमें सिर्फ़ आपकी सहमति से बायोमेट्रिक डेटा प्रोसेस करने की अनुमति देते हैं, हम प्रोसेसिंग से पहले आपकी सहमति लेंगे.

उदाहरण के लिए, Remitly आपकी पहचान को सत्यापित करने के लिए Onfido की सेवाओं का उपयोग करता है. Onfido यह जांच करेगा कि आपके पहचान दस्तावेज़ वैध हैं या नहीं और वह ये भी सुनिश्चित करेगा कि आपकी सेल्फ़ी फ़ोटो और/या वीडियो दस्तावेज़ों पर मौजूद फ़ोटो से मेल खाती हो. इसके अलावा, [Onfido की फ़ेसियल स्कैन और वॉयस रिकॉर्डिंग नीति](https://onfido.com/facial-scan-policy-and-release/) और [निजता नीति](https://onfido.com/privacy/) के अनुसार, आपकी बायोमेट्रिक जानकारी को भी प्रोसेस किया जा सकता है. उसके बाद जांच के परिणाम Remitly से शेयर किए जाएंगे. आपकी फ़ोटो और पहचान दस्तावेज़ इस मकसद के लिए Onfido के साथ शेयर किए जाएंगे, ताकि Onfido अपनी सेवाओं का रखरखाव कर सके, उनकी सुरक्षा कर सके और उनमें सुधार कर सके.

## **क्या हम आपसे जुड़े फ़ैसले अपने-आप लिए जाने की सुविधा का इस्तेमाल करते हैं?**

हम यह जांचने के लिए स्वचालित प्रक्रियाओं का उपयोग करते हैं कि हमारी सेवाओं का आपका ऐक्सेस और हमारी सेवाओं का आपके द्वारा उपयोग, आपकी पहचान को सत्यापित करने सहित हमारे ज़रूरी मानकों को पूरा करता है या नहीं और धोखाधड़ी या अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने में मदद करता है या नहीं. ये प्रक्रियाएं आपके प्रोसेस किए गए ट्रांज़ेक्शन को अस्वीकार करने, आपके अकाउंट में लॉगिन करने के किसी संदिग्ध प्रयास को रोकने या आपका अकाउंट बंद करने का स्वचालित तौर पर निर्णय ले सकती हैं. अगर आपको लगता है कि किसी स्वचालित प्रक्रिया ने आप पर असर डाला है, तो कृपया हमारी निजता टीम सेprivacy@remitly.comपर संपर्क करें.

## **मेरे निजता अधिकार क्या हैं?**

दुनिया के कुछ इलाकों में रहने वाले हमारे ग्राहक, वहां लागू निजता कानून के आधार पर, डेटा की निजता का खास अधिकार रखते हैं. हम अपने सभी ग्राहकों के लिए निजता से जुड़ी बेहतरीन प्रथाओं को एक मानक के रूप में लागू करने की कोशिश करते हैं.

*अपने डेटा और डेटा पोर्टेबिलिटी का ऐक्सेस*

आप इस बात का अनुरोध कर सकते/सकती हैं कि हम आपको हमारे पास मौजूद आपके व्यक्तिगत डेटा की एक कॉपी दें. यह जानकारी कुछ अपवादों या सीमाओं के तहत बिना किसी विलंब के दी जाएगी, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस तरह का प्रावधान अन्य लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता पर प्रतिकूल असर डालता है.

*अपना डेटा सही करना/डेटा में सुधार करना*

आपको इस बात का अनुरोध करने का अधिकार है कि हम आपके व्यक्तिगत डेटा को अपडेट करें और उसकी गलतियों को ठीक करें. आप हमारी साइट या ऐप (जो भी आपके पास उपलब्ध हो) के ज़रिए अपने अकाउंट में लॉग इन करके या नीचे दिए गए 'आपके निजता अधिकारों के उपयोग' सेक्शन में बताए गए तरीकों के अनुसार हमसे संपर्क करके, अपने अकाउंट से संबंधित कुछ जानकारी अपडेट कर सकते/सकती हैं.

*डेटा हटाना/मिटाना*

लागू कानून के तहत, आप अपना व्यक्तिगत डेटा मिटाने का अनुरोध कर सकते/सकती हैं. अगर आप अपना अकाउंट बंद करते/करती हैं, तो हम आपके अकाउंट को अपने डेटाबेस में "बंद किया गया" के तौर पर चिह्नित करेंगे, लेकिन नीचे बताए गए तरीके के अनुसार कुछ समय के लिए अकाउंट के बारे में थोड़ी बहुत जानकारी अपने पास रखेंगे. धोखाधड़ी को रोकने के लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि जो व्यक्ति धोखाधड़ी करने की कोशिश करता है, वह सिर्फ़ अपना अकाउंट बंद करके आसानी से नया अकाउंट खोल न पाए और हमारे कानूनी दायित्वों का अनुपालन करके पहचाने जाने से बचने में सक्षम न हो जाए. हालांकि, अगर आप अपना अकाउंट बंद करते/करती हैं, तो आपका व्यक्तिगत डेटा हमारी ओर से किसी भी अन्य मकसद के लिए न तो उपयोग किया जाएगा, न ही तीसरे पक्ष से शेयर किया जाएगा, धोखाधड़ी को रोकने और कानून प्रवर्तन में सहायता करने को छोड़कर, जैसा कि कानून द्वारा या इस नोटिस के अनुसार आवश्यक हो.

*डेटा के प्रोसेसिंग पर आपत्ति करना*

कुछ हालातों में आपको हमारे द्वारा आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने या ट्रांसफ़र करने पर आपत्ति करने का अधिकार है. आप वैध हितों के आधार पर किसी भी प्रोसेसिंग पर आपत्ति जता सकते/सकती हैं, जब आपकी किसी खास स्थिति के बारे में कुछ ऐसा हो, जहां आपको लगता है कि इस आधार पर प्रोसेसिंग आपके मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता को प्रभावित करती है.

*प्रत्यक्ष मार्केटिंग से अनसब्सक्राइब करना*

आपके पास हमसे यह कहने का अधिकार है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को मार्केटिंग से जुड़े उद्देश्यों के लिए प्रोसेस न करें. आप इस अधिकार का प्रयोग किसी भी समय उस 'सदस्यता को समाप्त करने' के लिए कर सकते/सकती हैं, जो आपको उपलब्ध कराई गई है (जैसे, हमारी ओर से आपको भेजे जाने वाले हर किसी प्रचार ईमेल में 'सदस्यता समाप्त करें' लिंक पर क्लिक करने का विकल्प देना). हम आपकी पसंद का सम्मान करेंगे और आपको ऐसे मैसेज भेजने से परहेज करेंगे. कृपया ध्यान दें कि अगर आप हमसे किसी खास ईमेल पते पर ईमेल के ज़रिए संपर्क न करने के लिए कहते/कहती हैं, तो हम आपके संपर्क रहित अनुरोध का अनुपालन करने के लिए, उस ईमेल पते की एक कॉपी "सप्रेशन सूची" में रखेंगे. आप कभी भी अपना मार्केटिंग विकल्प बदल सकते/सकती हैं.

आप अपनी प्रोफ़ाइल में अपनी वरीयताओं की पुष्टि करके इस बात को भी नियंत्रित कर सकते/सकती हैं कि हम अपनी सेवाओं के हिस्से के तौर पर आपका कुछ व्यक्तिगत डेटा किस तरह से उपयोग करें (जैसे कि हम कैसे आपसे संवाद कर सकते हैं). कृपया ध्यान दें कि सारे संचार बंद नहीं किए जा सकते \- उदाहरण के तौर पर, राष्ट्रीय कानूनों और नियामक गाइडलाइन्स के तहत हमारे कानूनी दायित्वों का अनुपालन करने के लिए, हमें आपको हमारी सेवाओं के बारे में ईमेल नोटिस भेजने की ज़रूरत पड़ सकती है.

*प्रोफ़ाइलिंग के साथ-साथ, अपने-आप व्यक्तिगत निर्णय लेना*

कुछ न्याय क्षेत्रों में, आपके पास प्रोफ़ाइलिंग सहित अपने व्यक्तिगत डेटा को पूरी तरह से ऑटोमैटिक प्रक्रिया पर आधारित निर्णय के अधीन न रहने देने का अधिकार है, जो प्रासंगिक डेटा संरक्षण कानूनों के तहत लागू अपवादों को छोड़कर, आप पर कानूनी या एक जैसा ज़रूरी असर डालता है. हम लागू कानून की अनुमति के हिसाब से आपके अनुरोध को अस्वीकार कर सकते हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि जानकारी देने से कारोबार के रहस्य का खुलासा होगा या धोखाधड़ी या अन्य अपराध की रोकथाम या पता लगाने में हस्तक्षेप होगा. हालांकि, आम तौर पर इन परिस्थितियों में हम यह सत्यापित करेंगे कि एल्गोरिदम और स्रोत डेटा किसी गड़बड़ी या पूर्वाग्रह के बिना मनचाहे रूप से काम कर रहे हैं या नहीं या क्या प्रोसेसिंग को समायोजित करने का प्रोसेस कानूनी तौर पर ज़रूरी है.

*अपनी सहमति वापस लेना*

आपके पास डेटा को प्रोसेस करने के लिए दी गई अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार है, जहां प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार उस सहमति पर आधारित है. ध्यान दें कि सहमति वापस लेने से प्रोसेसिंग की वैधता प्रभावित नहीं होती है, जो सहमति वापस लेने के पहले से लागू हो सकती है. अगर आप अपनी सहमति वापस ले लेते/लेती हैं, तो हम आपको कुछ उत्पाद या सेवाएं प्रदान नहीं कर पाएंगे.

*अमेरिक के ओरेगन राज्य के निवासी: तीसरे पक्षों की सूची*

अगर आप ओरेगन राज्य के/की निवासी हैं, तो आपको हमारे विवेकाधिकार पर उन विशिष्ट तृतीय पक्षों (जो असली व्यक्ति नहीं हैं) की सूची प्राप्त करने का अधिकार है, जिनके साथ हमने (i) आपका व्यक्तिगत डेटा या (ii) कोई भी व्यक्तिगत डेटा शेयर किया है.

आपके निजता अधिकारों का प्रयोग

उपरोक्त किसी भी निजता अधिकार का प्रयोग करने के लिए, कृपया इन तरीकों में से किसी एक के ज़रिए अनुरोध सबमिट करें:

- अपने Remitly अकाउंट से संबद्ध ईमेल का उपयोग करके हमें privacy@remitly.com पर ईमेल भेजना; या
- चैट या फ़ोन के ज़रिए [हमसे संपर्क करना](https://www.remitly.com/us/en/help#contact).

आमतौर पर हम आपके निजता अधिकारों का प्रयोग करने के लिए कोई शुल्क नहीं लेते हैं, लेकिन जहां कानून द्वारा अनुमति दी जाती है, हम अत्यधिक या स्पष्ट रूप से निराधार अनुरोधों के लिए उचित शुल्क ले सकते हैं.

*पहचान सत्यापित करना*

कुछ अनुरोधों को प्रोसेस करने के लिए, हमें इस बात की पुष्टि के लिए आपकी पहचान सत्यापित करनी होगी कि अनुरोध आपकी तरफ़ से किया गया है या नहीं. आपके अनुरोध को सत्यापित करने के लिए हम आपसे फ़ोन या ई-मेल के ज़रिए संपर्क कर सकते हैं. अगर हम आपसे संपर्क नहीं कर पाते हैं या आप हमारी पहचान की पुष्टि के अनुरोधों का जवाब नहीं देते/देती हैं, तो हो सकता है कि हम आपका अनुरोध पूरा न कर पाएं.

## **हम आपके डेटा की सुरक्षा कैसे करते हैं?**

हम आपकी जानकारी की सुरक्षा के लिए उद्योग के मान्य तकनीकी और संगठनात्मक उपायों का उपयोग करते हैं. हम आपके संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा जैसे बैंक अकाउंट नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, जन्म तिथि और सरकारी पहचान संख्या की सुरक्षा के लिए ट्रांजिट में एन्क्रिप्शन और रेस्ट में एन्क्रिप्शन का उपयोग करते हैं. हम व्यक्तिगत डेटा के ऐक्सेस को सिर्फ़ जरूरतमंद लोगों तक सीमित करने के लिए ऐक्सेस कंट्रोल का उपयोग करते हैं. हर वो उपयोगकर्ता, जो हमारी साइट और/या हमारे ऐप पर अपनी जानकारी का ऐक्सेस चाहता है, उसके लिए ज़रूरी है कि वह सुरक्षा क्रेडेंशियल्स (उदाहरण के तौर पर, इसमें किसी उपयोगकर्ता का नाम और पासवर्ड शामिल हो सकता है) का उपयोग करे.

जहां हमने आपको सुरक्षा क्रेडेंशियल (जैसे कि पासवर्ड) उपलब्ध कराए हैं (या आपने चुना है), जो आपको हमारी सेवा के कुछ हिस्सों तक पहुंच को सक्षम बनाता है, वहां इन विवरणों को गोपनीय और सुरक्षित रखने की ज़िम्मेदारी आपकी है. इसके अलावा, अगर आप अपने 'डिवाइस' पर अपने फ़िंगरप्रिंट का उपयोग करके (उदाहरण के तौर पर, Apple Touch ID के ज़रिए) हमारी 'सेवाओं' को एक्सेस करने की अनुमति देते/देती हैं, तो आपको किसी अन्य व्यक्ति को उस डिवाइस पर अपना फ़िंगरप्रिंट रजिस्टर करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि इससे वे हमारी 'सेवाओं' को एक्सेस कर सकते हैं और उनके द्वारा की गई गतिविधियों का ज़िम्मेदार आपको ठहराया जा सकता है. हालांकि, इंटरनेट पर ट्रांसमिशन करने का कोई भी तरीका या इलेक्ट्रॉनिक स्टोरेज का कोई भी तरीका 100% सुरक्षित नहीं है. इसलिए, हम इसकी पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते हैं और व्यक्तिगत जानकारी को किसी भी तरह से प्रसारित करने का जोखिम आप पर है. अगर सुरक्षा के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो आप हमसे privacy@remitly.com पर संपर्क कर सकते/सकती हैं.

यह साइट [reCAPTCHA एंटरप्राइज़](https://cloud.google.com/security/products/recaptcha#protect-against-fraud-and-abuse-with-a-modern-fraud-prevention-platform) द्वारा सुरक्षित है और यहां [Google की निजता नीति](https://policies.google.com/privacy) और [सेवा की शर्तें](https://policies.google.com/terms) लागू होती हैं.

## **व्यक्तिगत डेटा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रांसफ़र करना**

हम आपके व्यक्तिगत डेटा को Remitly उत्पाद परिवार के भीतर, जिसमें Remitly Group की संस्थाएं और सहायक कंपनियां शामिल हैं, और बाहर के तीसरे पक्षों (जिनकी श्रेणियों का उल्लेख इस नोटिस में किया गया है) के साथ शेयर करते हैं. इसमें आपके व्यक्तिगत डेटा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, आपके निवास देश के बाहर ट्रांसफ़र करना शामिल हो सकता है. हमारे द्वारा आपके व्यक्तिगत डेटा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रांसफ़र करने के हर एक मामले में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उसे समान स्तर की सुरक्षा मिले. कुछ मामलों में, आपकी व्यक्तिगत जानकारी उन देशों में ट्रांसफ़र की जा सकती है, जिन्हें लागू डेटा संरक्षण प्राधिकरण या सरकारी एजेंसी द्वारा व्यक्तिगत डेटा के लिए पर्याप्त सुरक्षा स्तर प्रदान करने वाला माना गया है (जैसा कि नीचे दिए गए 'आपके साथ हमारा संबंध' सेक्शन में बताया

किया गया है). कुछ अन्य मामलों में, हम कम से कम एक कानूनी सुरक्षा उपाय लागू करेंगे, जिसमें इंट्रा-कंपनी समझौतों, संविदात्मक सुरक्षा उपायों या संबंधित डेटा संरक्षण प्राधिकरण या सरकारी एजेंसी (जैसा कि नीचे आपके साथ हमारे संबंध खंड में निर्दिष्ट है) द्वारा अनुमोदित विशिष्ट अनुबंधों (जैसे मानक संविदात्मक खंड) का उपयोग शामिल हो सकता है, जो व्यक्तिगत डेटा को आपके निवास देश में उसी तरह की सुरक्षा प्रदान करते हैं.

## **हम आपका डेटा कितने समय तक अपने पास रखते हैं?**

हम आपके व्यक्तिगत डेटा को सिर्फ तब तक ही अपने पास रखेंगे, जब तक कि उन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ज़रूरी हो, जिनके लिए हमने इसे इकट्ठा किया है, जिसमें किसी भी कानूनी, लेखांकन या रिपोर्टिंग ज़रूरतों को पूरा करने के मकसद भी शामिल हैं. व्यक्तिगत डेटा के लिए उचित रिटेंशन अवधि को तय करने के लिए, हम आपके निवास के देश (अन्य बातों के अतिरिक्त) के आधार पर इन चीज़ों पर विचार करते हैं:

- लागू कानूनों और/या हमारे नियामकों की तरफ़ से हमारे लिए तय किए गए दायित्व और/या रिटेंशन की अवधि
- व्यक्तिगत डेटा की मात्रा, प्रकृति और संवेदनशीलता
- आपके व्यक्तिगत डेटा के अनधिकृत तौर पर उपयोग करने या प्रकटीकरण से नुकसान का संभावित जोखिम और
- वे मकसद जिनके लिए हम आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करते हैं और क्या हम अन्य माध्यमों से उन उद्देश्यों को हासिल कर सकते हैं.

एक विनियमित वित्तीय संस्थान के रूप में, हम कानून द्वारा आपके कुछ व्यक्तिगत और ट्रांज़ेक्शनल डेटा को आपके अकाउंट के बंद होने के बाद भी स्टोर करने के लिए बाध्य हैं. कृपया ध्यान दें कि हमारी सेवाओं का उपयोग करने का मतलब है कि आप हमारे साथ अपने कानूनी संबंध की समाप्ति के बाद कम से कम 10 साल तक व्यक्तिगत डेटा (आपके ट्रांज़ेक्शन और हमारे संग्रह और आपकी पहचान के सत्यापन से संबंधित डेटा सहित) बनाए रखने के लिए साफ़ तौर पर सहमत हैं.

## **इस नोटिस में बदलाव**

हम इस नोटिस में कभी भी बदलाव कर सकते हैं और जब भी हम ऐसा करेंगे, तब हम अपनी साइट और ऐप पर संशोधित संस्करण को पोस्ट करके आपको जानकारी देंगे. हर बार जब भी आप कोई ट्रांज़ेक्शन करें, तो कृपया इस नोटिस की समीक्षा करें, क्योंकि हो सकता है कि यह आपके हमारी सेवाओं के लिए शुरुआती पंजीकरण के बाद या

आपके आख़िरी ट्रांज़ेक्शन के बाद से अपडेट किया गया हो.

अगर आप इस नोटिस के किसी भी पहलू या किसी भी बदलाव से सहमत नहीं हैं, तो आप हमारे साथ अपना अनुबंध समाप्त कर सकते/सकती हैं और हमें privacy@remitly.com पर ईमेल करके या अन्यथा हमसे [संपर्क करके](https://www.remitly.com/us/en/help#contact) अपना अकाउंट बंद कर सकते/सकती हैं.

## **तीसरे पक्ष की वेबसाइटों और सेवाओं के लिंक**

हमारी 'सेवा' के कुछ हिस्से के रूप में Google Maps की सेवाओं का उपयोग किया जाता है, जिनमें Google Maps API भी शामिल हैं. इन सुविधाओं का उपयोग [Google Maps की अतिरिक्त उपयोग की शर्तों](https://www.google.com/intl/en-USUS/help/termsmaps.html) और [Google की निजता नीति](https://policies.google.com/privacy) के अधीन है. इस साइट और सेवा का उपयोग करके आप Google की शर्तों ( जिसमें समय-समय पर संशोधन किया जाता है) से भी सहमत होते हैं.

हमारी साइट और ऐप में अन्य वेबसाइट के लिंक शामिल हैं, जिनकी निजता से जुड़ी कार्यप्रणालियां Remitly से अलग हो सकती हैं.

अगर आप इनमें से किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी दर्ज़ करते/करती हैं, तो आपकी जानकारी को उनकी निजता नीतियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है और हम इन नीतियों के लिए या किसी भी व्यक्तिगत जानकारी के लिए कोई ज़िम्मेदारी या देयता स्वीकार नहीं करते हैं, जिसे उन वेबसाइट या सेवाओं (जैसे संपर्क और स्थान का डेटा) के ज़रिए एकत्रित और प्रोसेस किया जा सकता है. हमारी सलाह है कि आप उपयोग की जाने वाली या विज़िट की जाने वाली किसी भी वेबसाइट या सॉफ़्टवेयर ऐप्लिकेशन की निजता नीति को ध्यान से पढ़ें.

यह नोटिस उन तीसरे पक्षों की कार्यप्रणालियों को कवर नहीं करता है, जिनके साथ आप हमारी सेवाओं का उपयोग करते समय जुड़ सकते/सकती हैं, जैसे कि आपके मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर या हमारी सेवाओं के अन्य उपयोगकर्ता. आपको किसी भी तीसरे पक्ष को कोई भी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करने से पहले उसकी निजता नीति के बारे में उससे संपर्क करना चाहिए.

## **बच्चे**

हम अनुरोध करते हैं कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति (जिन्हें हम बच्चे और नाबालिग मानते हैं) हमारी सेवाओं का

उपयोग करने या हमें कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सबमिट करने से बचें. 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति हमारी सेवाओं का उपयोग करने के योग्य नहीं हैं और अगर हमें पता चलता है कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति ने हमारे प्लेटफ़ॉर्म पर अकाउंट या प्रोफ़ाइल का पंजीकरण किया है, तो हम इसे बंद कर देंगे.

## **निजता नोटिस का अनुवाद**

इस नोटिस को अंग्रेज़ी भाषा में तैयार किया गया है और इसका अनुवाद अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जा सकता है. आप सहमत हैं कि अगर किसी विवाद के संबंध में इस नोटिस के अंग्रेज़ी और अनुदित संस्करणों के बीच कोई फ़र्क पाया जाता है, तो नोटिस के अंग्रेज़ी संस्करण को ही मान्य माना जाएगा.

## **संपर्क और शिकायतें**

अगर आपके पास हमारी निजता नोटिस के बारे में कोई सवाल है, इसके बारे में आपको कोई टिप्पणी करनी है या आपका कोई अनुरोध है, तो आप हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी, जॉन डेविड ओ'ब्रायन से DPO@remitly.com पर संपर्क कर सकते/सकती हैं.

अगर आपको लगता है कि हमने आपके सवालों या चिंताओं को सही तरीके से हैंडल नहीं किया है या आपको लगता है कि आपके डेटा संरक्षण या निजता अधिकारों का उल्लंघन किया गया है, तो आप निजता कानूनों को लागू करने की ज़िम्मेदारी वाले किसी भी निगरानी प्राधिकरण या अन्य सार्वजनिक निकाय से शिकायत कर सकते/सकती हैं, जैसा कि "आपके साथ हमारा संबंध" सेक्शन में बताया गया है.

## **आपके साथ हमारा संबंध**

**ग्राहक का निवास-स्थल:** ऑस्ट्रेलिया के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Australia, Pty Ltd

**पंजीकृत कार्यालय:** King & Wood Mallesons Level 61 Governor Phillip Tower 1 Farrer Place Sydney Nsw 2000 Australia

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [ऑस्ट्रेलियाई सूचना आयुक्त का कार्यालय](https://www.oaic.gov.au/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** ब्राज़ील के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Corretora de Cambio Ltda

**पंजीकृत कार्यालय:** Av Paulista, 1374 Andar 11 E 12 Esp 12a124 Bela Vista
Sao Paulo, Brazil
Cep: 01310-916

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [राष्ट्रीय डेटा संरक्षण प्राधिकरण (ANPD)](https://www.gov.br/anpd/pt-br)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** कनाडा के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Canada, Inc.

**पंजीकृत कार्यालय:** 250 Howe Street, 20th Floor Vancouver, Bc V6c 3r8 Canada

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [निजता आयुक्त का कार्यालय](https://www.priv.gc.ca/en/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** EEA के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Europe Ltd

**पंजीकृत कार्यालय:** Ground Floor, 1 Albert Quay, Ballintemple, Cork, Ireland, T12 X8N6

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [डेटा संरक्षण आयोग (DPC)](https://www.dataprotection.ie/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** जापान के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Japan K.K.

**पंजीकृत कार्यालय:** Otemachi Bldg 4F, Finolab Otemachi 1-6-1, Chiyoda, Tokyo 100-0004, Japan

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [व्यक्तिगत जानकारी संरक्षण आयोग](https://www.ppc.go.jp/en/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** न्यूज़ीलैंड के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly NZ Limited

**पंजीकृत कार्यालय:** Russell Mcveagh Level 30, Vero Centre 48 Shortland Street Auckland Central 1052 New Zealand

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [निजता आयुक्त का कार्यालय](https://privacy.org.nz/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** फ़िलीपीन के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly PHL Operations, Inc.

**पंजीकृत कार्यालय:** *Quisumbing Torres 16th Floor, One/NEO Building 26th Street corner 3rd Avenue Crescent Park West, Bonifacio Global City Taguig City, Philippines 1634*

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [राष्ट्रीय निजता आयोग (NPC)](https://privacy.gov.ph/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** फ़िलीपीन के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Philippines, Inc.

**पंजीकृत कार्यालय:** 10/F 8 Rockwell Hildago Corner Plaza Drives Poblacion, City of Makati, 1210, Metro Manila, Philippines

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [राष्ट्रीय निजता आयोग (NPC)](https://privacy.gov.ph/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** सिंगापुर के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly Singapore Pte. Ltd

**पंजीकृत कार्यालय:** 38 Beach Road, South Beach Tower, \#29-11 Singapore 189767

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [व्यक्तिगत डेटा संरक्षण आयोग](https://www.pdpc.gov.sg/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** UAE के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly (DIFC) Limited

**पंजीकृत कार्यालय:** Level 15 Unit Gd-Gb-00-15-Bc-23, Gate District Gate Building Dubai International Financial Centre, Dubai,
United Arab Emirates

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [डेटा संरक्षण आयुक्त](https://www.difc.ae/business/registrars-and-commissioners/commissioner-of-data-protection)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** यूके के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly U.K. Ltd

**पंजीकृत कार्यालय:** 90 Whitfield Street, London W1t 4ez, United Kingdom

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [सूचना आयुक्त कार्यालय (ICO)](https://www.ico.org.uk/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** US के निवासियों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly, Inc.

**पंजीकृत कार्यालय:** 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101 USA

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [फ़ेडरल ट्रेड कमीशन (FTC)](https://www.ftc.gov/)

**ग्राहक का निवास-स्थल:** अमेरिकी निवासियों और Remitly Flex के ग्राहकों के लिए

**Remitly एंटिटी:** Remitly ADV, Inc.

**पंजीकृत कार्यालय:** Cogency Global, Inc. 850 New Burton Rd, Ste 201 Dover, DE 19904

**डेटा संरक्षण प्राधिकरण:** [फ़ेडरल ट्रेड कमीशन (FTC)](https://www.ftc.gov/) और [कंज़्यूमर फ़ाइनेंशियल प्रोटेक्शन ब्यूरो (CFPB)](https://www.consumerfinance.gov/complaint/)

## **आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने का हमारा कानूनी आधार क्या है?**

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए. अगर आप यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराते/कराती हैं, तो आप कोई भी ट्रांज़ेक्शन नहीं कर पाएंगे/पाएंगी. आपके साथ एक अनुबंध का निष्पादन, मतलब कि हमारा उपयोगकर्ता अनुबंध. यह हमारे या किसी तीसरे पक्ष के वैध हितों के लिए ज़रूरी है, जिसमें ये चीज़े शामिल हैं: 1\. हमारी सेवाओं का उपयोग करने के एवज़ में पैसे जुटाना; 2\. अपने अकाउंट या हमारी सेवाओं से संबंधित समस्याओं को हल करना; 3\. डेटा, ट्रेंड, और वित्तीय विश्लेषण, परीक्षण और सेवा की ट्रैकिंग करना; 4\. सवालों, अनुरोधों, शिकायतों, आवेदन वगैरह के जवाब देना, उन्हें संभालना और उन्हें प्रोसेस करना; 5\. हमारी सेवाओं, सामग्री और विज्ञापन पर ग्राहकों का फ़ीडबैक लेना और हमें ट्रैक करने, सुधार करने, वैयक्तिकृत करने और विकसित करने में मदद करना; 6\. हमारी ग्राहक सेवा और संबंधित टीमों की निगरानी करना और प्रशिक्षण देना; 7\. हमारी सेवाओं का उपयोग करने या उन्हें दूसरों को सुझाने के लिए आपको पुरस्कार या प्रोत्साहन राशि देना; 8\. कारोबार और मार्केटिंग से जुड़ा विश्लेषण करना; 9\. अपना कारोबार बढ़ाना और हमारी मार्केटिंग रणनीति और विज्ञापन कैम्पेनों को सूचित करना; 10\. ऐसी जानकारी जुटाना, जिससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि आप हमारे और हमारी सेवाओं के साथ क्यों और कैसे इंटरैक्ट करते/करती हैं; 11\. हमारे तीसरे पक्ष के पार्टनर्स के साथ काम करना, ताकि हम और/या वे पुरस्कार, प्रोत्साहन राशि और/या कैंपेन की परफ़ॉर्मेंस ऑफ़र कर सकें, उपलब्ध करा सकें और/या उन्हें ट्रैक कर सकें; 12\. आपको सेवा से जुड़े अपडेट और प्रचार संबंधी ऑफ़र भेजना; 13\. हमारी

सेवाओं को आपके लिए मार्केटिंग करना या बाज़ार से जुड़ा शोध करना (बशर्ते आपके अकाउंट में आपकी मार्केटिंग और संचार प्राथमिकताएं हमें ऐसा करने की अनुमति दें); और, 14\. कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल करना और/या दावों का बचाव करना.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** ग्राहक सेवा से जुड़ी जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए. ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है. आपके साथ एक अनुबंध का निष्पादन, मतलब कि हमारा उपयोगकर्ता अनुबंध.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** सरकार द्वारा जारी पहचान या रिकॉर्ड

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए. आपके साथ एक अनुबंध का निष्पादन, मतलब कि हमारा उपयोगकर्ता अनुबंध. ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** मार्केटिंग और संचार से जुड़ी जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** भुगतान की जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए. हमारी सेवाओं के आपके उपयोग के लिए भुगतान इकट्ठा करने के लिए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** प्रचार और प्रतिस्पर्धा से जुड़ी जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** आपके साथ अनुबंध का निष्पादन.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** प्राप्तकर्ता या अधिकृत उपयोगकर्ता जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** आपके साथ एक अनुबंध का निष्पादन, मतलब कि हमारा उपयोगकर्ता अनुबंध. हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** कुछ अधिकार-क्षेत्रों में, कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए, हम संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस कर सकते हैं. यह तब आवश्यक हो सकता है, जब यह महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित में हो, जैसे कि गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना या पहचानना, गैरकानूनी गतिविधियों और बेईमानी से संबंधित विनियामक आवश्यकताओं का पालन करना या आतंकवाद की फ़ंडिंग या मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह पर प्रतिक्रिया देना. इसके अलावा, हम उन लोगों की पहचान और सहायता करने के लिए इस कानूनी आधार पर भी निर्भर हो सकते हैं जिन्हें कमज़ोर ग्राहक माना जा सकता है और जहां अतिरिक्त सुरक्षा या विशेष व्यवस्था करने की ज़रूरत हो. जहां डेटा संरक्षण कानून हमें (या हमारे सेवा प्रदाताओं को) सिर्फ़ आपकी सहमति से बायोमेट्रिक डेटा प्रोसेस करने की अनुमति देते हैं, हम प्रोसेसिंग से पहले आपकी सहमति लेंगे.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** सर्वेक्षण और फ़ीडबैक की जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** तकनीकी जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए. ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** ट्रांज़ेक्शन से जुड़ी जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करने के लिए. ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

**व्यक्तिगत डेटा के प्रकार:** उपयोग की जानकारी

**प्रोसेसिंग के लिए हमारा वैध आधार:** ऊपर "पहचान से जुड़ी बुनियादी जानकारी" में तय किए गए एक या एक से ज़्यादा वैध हितों के लिए आवश्यक है.

# **किसी खास इलाके से जुड़ी निजता की शर्तें**

हम अपने सभी ग्राहकों के लिए हर एक इलाके की बेहतरीन निजता कार्यप्रणालियों को लागू करने की पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन अगर आप किसी खास इलाके में हैं, तो यहां पर कुछ खास शर्तें आप पर लागू हो सकती हैं.

अगर आप कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी या रोड आइलैंड के/की निवासी हैं, तो आप नीचे दिए गए निजता अधिकारों का लाभ उठा सकते/सकती हैं:

- जानने का अधिकार: आपको यह जानने का अधिकार है कि हमने आपके बारे में कौन-सी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा की है, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियां और उन स्रोतों की श्रेणियां शामिल हैं, जिनसे व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा की जाती है, व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करने, बेचने या शेयर करने का व्यावसायिक या वाणिज्यिक उद्देश्य, तीसरे पक्षों की श्रेणियां जिनके साथ हम व्यक्तिगत जानकारी का प्रकटीकरण करते हैं और हमारे द्वारा इकट्ठा की गई आपकी व्यक्तिगत जानकारी के खास भाग शामिल हैं.
- हटाने का अधिकार: आपके पास हमारे द्वारा इकट्ठा की गई आपकी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने का अधिकार है. ध्यान दें कि कुछ कारणों से हम आपके अनुरोध को पूरी तरह से नहीं हैंडल कर पाएंगे, जैसे अगर हमें आपके लिए कोई लेन-देन पूरा करना है, धोखाधड़ी और अवैध गतिविधि का पता लगाना और उससे बचाव करना है, अपने अधिकारों का प्रयोग करना है, अपने आंतरिक उद्देश्यों के लिए या कानूनी दायित्व का पालन करना है.
- सही करने का अधिकार: उचित तौर पर किए गए सत्यापन के तहत, आपको अपने बारे में हमारे पास मौजूद गलत व्यक्तिगत जानकारी को सही करने का अधिकार है.
- संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग को सीमित करने का अधिकार: आपको यह अधिकार है कि आपकी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग सिर्फ़ उतना ही किया जाए, जितना उत्पाद या सेवाएं मुहैया कराने के लिए ज़रूरी हो.
- व्यक्तिगत जानकारी की बिक्री या शेयरिंग से खुद को बाहर रखने का अधिकार: आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी की "बिक्री" या "शेयरिंग" से खुद को बाहर रखने का अधिकार है, जैसा कि इन शर्तों को कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी और रोड आइलैंड के गोपनीयता कानूनों में परिभाषित किया गया है. कृपया [इस](https://www.remitly.com/us/en/help/article/update-profile) सहायता पेज पर दिए गए 'ईमेल से अनसब्सक्राइब करें' या 'निजता से जुड़ी मेरी पसंद को मैनेज करें' के चरणों की समीक्षा करें.

*कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी और रोड आइलैंड के निवासियों के लिए*: अगर आपके Remitly अकाउंट में कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी या रोड आइलैंड का डाक पता है, तो जब तक कानून द्वारा अनुमति नहीं दी जाती है, हम आपके बारे में इकट्ठा की गई जानकारी, गैर-संबद्ध तीसरे पक्षों से शेयर नहीं करेंगे. उदाहरण के लिए, इसमें आपकी सहमति से या आपके अकाउंट से जुड़ी सेवा देने के उद्देश्य के लिए जानकारी शेयर करना शामिल है. हम अपने संबद्धों के साथ शेयरिंग को कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा,

मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी और रोड आइलैंड के कानून के अनुसार ही सीमित रखेंगे.

*वेर्मोंट के निवासियों के लिए*: अगर आपके Remitly खाते में वेर्मोंट का डाक पता है, तो जब तक आप हमें जानकारी का खुलासा करने के लिए अधिकृत नहीं करते/करतीं, हम अपने संबद्धों से आपकी साख से जुड़ी जानकारी का खुलासा नहीं करेंगे और गैर-संबद्ध तीसरे पक्षों को आपकी व्यक्तिगत जानकारी, वित्तीय जानकारी, क्रेडिट रिपोर्ट या स्वास्थ्य की जानकारी का खुलासा आपकी मार्केटिंग के लिए नहीं करेंगे. हालांकि, हम ऐसा तब करेंगे, जब वेर्मोंट के कानून द्वारा इसकी अनुमति दी गई हो.

अगर आप वर्जीनिया के/की निवासी हैं, तो आप कुछ गोपनीयता अधिकारों का लाभ उठा सकते/सकती हैं, जैसे कि ऐक्सेस पाना, जानकारी में सुधार करवाना, जानकारी डिलीट करवाना या अपनी व्यक्तिगत जानकारी की कॉपी पाने के लिए अनुरोध करना. हम व्यक्तिगत जानकारी को नहीं "बेचते" हैं, लेकिन इसे "लक्षित विज्ञापन" के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसा कि इन शर्तों को वर्जीनिया के कानून के तहत परिभाषित किया गया है, आप अपने अधिकार का भी उपयोग करके ऐसी बिक्री या लक्षित विज्ञापन से बाहर निकल सकते/सकती हैं. आपके पास अपने निजता अधिकारों के खंडन के खिलाफ़ अपील करने का अधिकार है.

अनुरोध सबमिट करने का तरीका क्या है कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, वर्जीनिया, इंडियाना, केंटकी या रोड आइलैंड के कानून के तहत अपने जानने, हटाने, सुधारने या डेटा पोर्टेबिलिटी के अधिकार का उपयोग करने के लिए या अगर आपके निजता अधिकारों के अनुरोध को अस्वीकार किया गया है और आप अपील करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया ऊपर दिए गए "[आपके निजता अधिकारों का प्रयोग](https://www.remitly.com/us/en/home/notice#exercising-your-privacy-rights)" सेक्शन में बताई गई प्रक्रिया का पालन करें. हम आपकी तरफ़ से किए गए एक्सेस, विलोपन, सुधार या पोर्टेबिलिटी अनुरोधों का जवाब देने से पहले आपकी पहचान सत्यापित करने के लिए कुछ जानकारी देने का अनुरोध कर सकते हैं. हम आपकी निजता को अहमियत देते हैं और आपके द्वारा निजता अधिकारों का प्रयोग किए जाने पर आपसे कोई पक्षपात नहीं करेंगे.

डेटा सुरक्षा प्रकटीकरण हम किस श्रेणी की व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठी करते हैं और इसका उद्देश्य क्या है? आप ऊपर दिए गए "हम कौन-सा व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करते हैं?" सेक्शन में हमारी ओर से इकट्ठी की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों की सूची हासिल कर सकते/सकती हैं. उन स्रोतों के बारे में जानकारी पाने के लिए, जिनसे हमें व्यक्तिगत जानकारी मिलती है, कृपया ऊपर "हम आपका व्यक्तिगत डेटा कैसे इकट्ठा करते हैं" सेक्शन पर नज़र डालें. हम ऊपर दिए गए "हम आपके व्यक्तिगत डेटा का उपयोग कैसे करते हैं या उसे प्रोसेस कैसे करते हैं?" सेक्शन में बताए गए व्यावसायिक या वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत जानकारी को एकत्रित और उपयोग करते हैं.

प्रकट की गई व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियां और प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियां हम नीचे सूचीबद्ध प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियों के लिए व्यावसायिक या व्यावसायिक उद्देश्यों की वजह से व्यक्तिगत जानकारी की निम्नलिखित श्रेणियों का प्रकटीकरण करते हैं:

- हम इनसे आधारभूत पहचान संबंधी जानकारी शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध, तीसरे पक्ष के पार्टनर, विज्ञापन नेटवर्क और सोशल मीडिया नेटवर्क.
- हम 'ग्राहक सहायता' से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध और तीसरे पक्ष के पार्टनर.
- हम इनसे सरकार की तरफ़ से जारी पहचान-पत्र या रिकॉर्ड शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध और तीसरे पक्ष के पार्टनर.
- हम 'मार्केटिंग और संचार' से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध और तीसरे पक्ष के पार्टनर.
- हम इनसे भुगतान संबंधी जानकारी शेयर करते हैं: कॉर्पोरेट संबद्ध और लागू सेवा प्रदाता, जिनसे हमें समय-समय पर जोखिम का आकलन, धोखाधड़ी, आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण और मनी-लॉन्ड्रिंग की रोकथाम के संबंध में अपने कानूनी दायित्वों का अनुपालन करने में मदद मिलती है.
- हम 'प्रमोशन और कंपीटिशन' से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध, तीसरे पक्ष के पार्टनर, विज्ञापन नेटवर्क और सोशल मीडिया नेटवर्क.
- हम 'प्राप्तकर्ता या अधिकृत यूज़र' की जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध, तीसरे पक्ष के पार्टनर, विज्ञापन नेटवर्क और सोशल मीडिया नेटवर्क.
- हम 'Remitly Flex' से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध और तीसरे पक्ष के पार्टनर.
- हम इनसे संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध और तीसरे पक्ष के पार्टनर.
- हम 'सर्वेक्षण और फ़ीडबैक' से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: कॉर्पोरेट संबद्ध, सेवा प्रदाता जो हमारे प्रोग्राम जैसे कम्युनिटी या प्रोडक्ट रिव्यू को मैनेज करने में मदद करते हैं और तीसरे पक्ष के पार्टनर.
- हम 'तकनीकी' जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध, तीसरे पक्ष के पार्टनर, विज्ञापन नेटवर्क और सोशल मीडिया नेटवर्क.
- हम ट्रांज़ेक्शन से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध, तीसरे पक्ष के पार्टनर.

- हम 'उपयोग' से जुड़ी जानकारी इनके साथ शेयर करते हैं: सेवा प्रदाता, कॉर्पोरेट संबद्ध, तीसरे पक्ष के पार्टनर, विज्ञापन नेटवर्क और सोशल मीडिया नेटवर्क.
- इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कि आपकी जानकारी कैसे शेयर की जाती है, कृपया "हम आपका व्यक्तिगत डेटा किसके साथ शेयर करते हैं?" सेक्शन पर नज़र डालें. हमें कानूनी प्रक्रिया के अनुसार उपरोक्त श्रेणियों में से कोई भी जानकारी को शेयर करनी पड़ सकती है.

हमारे द्वारा कुकीज़ या अन्य ट्रैकिंग तकनीकों के उपयोग को लागू कानून के तहत "बिक्री"/"शेयरिंग" माना जा सकता है. आपके पास लक्षित विज्ञापन उद्देश्यों के लिए अपने व्यक्तिगत डेटा को शेयर न करने देने का अधिकार हो सकता है. हम 16 वर्ष से कम उम्र के उपभोक्ताओं का व्यक्तिगत डेटा इरादतन नहीं बेचते हैं.

व्यक्तिगत जानकारी की ऐसी श्रेणियां, जिन्हें कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी या रोड आइलैंड के कानून के तहत “बिक्री” या “शेयरिंग” माना जा सकता है: इसमें पहचान की बुनियादी जानकारी, तकनीकी जानकारी और उपयोग की जानकारी शामिल है.

तीसरे पक्षों की श्रेणियां, जिनके तहत व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा किया गया था, जिसे कैलिफ़ोर्निया, टेनेसी, मिनेसोटा, मैरीलैंड, इंडियाना, केंटकी या रोड आइलैंड के कानून के तहत "बिक्री" या "शेयरिंग" माना जा सकता है: इसमें विज्ञापनदाता और मार्केटिंग पार्टनर, डेटा एनालिटिक्स प्रदाताओं और सोशल मीडिया नेटवर्क सहित कुछ सेवा प्रदाता शामिल हैं.

आपकी जानकारी कैसे शेयर की जाती है, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया "हम आपका व्यक्तिगत डेटा किससे शेयर करते हैं?" सेक्शन पर नज़र डालें, जिसमें हमारे सेवा प्रदाताओं और तीसरे-पक्षों के पार्टनर्स के बारे में और अधिक जानकारी दी गई है. हमें कानूनी प्रक्रिया के अनुसार उपरोक्त श्रेणियों में से कोई भी जानकारी को शेयर करनी पड़ सकती है.

## **अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए निजता नोटिस**

अगर आप संयुक्त राज्य अमेरिका में रहते/रहती हैं और अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक या घरेलू उद्देश्यों के लिए Remitly का उपयोग करते/करती हैं, तो आप पर यह उपभोक्ता निजता नोटिस लागू होती है.

Remitly आपकी व्यक्तिगत जानकारी का क्या करता है?

*क्यों?*

आपकी व्यक्तिगत जानकारी किस तरह से शेयर की जाएगी, इस बारे में वित्तीय कंपनियां ही फ़ैसला करती हैं. फ़ेडरल कानून में उपभोक्ताओं को कुछ शेयरिंग को सीमित करने का अधिकार दिया गया है, लेकिन सभी शेयरिंग को नहीं. फ़ेडरल कानून के अनुसार हमारे लिए यह बताना भी ज़रूरी है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी कैसे इकट्ठा करते हैं, कैसे उसे शेयर करते हैं और कैसे उसकी सुरक्षा कैसे करते हैं. हम क्या करते हैं, इसे समझने के लिए कृपया इस सूचना को ध्यान से पढ़ें.

*क्या?*

हम जिस तरह की व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करते हैं और शेयर करते हैं, वह आपके पास मौजूद उत्पाद या सेवा पर निर्भर करती है. इस जानकारी में ये चीज़ें शामिल हो सकती हैं:

- सोशल सिक्यूरिटी नंबर और अकाउंट की जानकारी
- ट्रांज़ेक्शन का इतिहास और ट्रांज़ेक्शन की जानकारी या निर्देश

*कैसे?*

अपने रोज़मर्रा के कारोबार को चलाने के लिए सभी वित्तीय कंपनियों को ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी शेयर करनी पड़ती है. नीचे दिए गए टेबल में, हमने उन कारणों की सूची बनाई है, जिनके चलते वित्तीय कंपनियां अपने ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी शेयर कर सकती हैं; इसमें वे कारण भी बताए गए हैं, जिनके चलते Remitly द्वारा जानकारी शेयर की जाती है; और यह जानकारी दी है कि क्या आप इस शेयरिंग को सीमित कर सकते/सकती हैं.

**जिन कारणों से हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी शेयर कर सकते हैं:** हमारे रोज़मर्रा के कारोबारी उद्देश्यों के लिए \- जैसे कि आपके ट्रांज़ेक्शन को प्रोसेस करना, आपके अकाउंट को बनाए रखना, या अदालती आदेशों और कानूनी जांच का जवाब देना

**क्या Remitly शेयर करता है?:** हां

**क्या आप शेयरिंग को सीमित कर सकते/सकती हैं?:** नहीं

**जिन कारणों से हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी शेयर कर सकते हैं:** हमारे मार्केटिंग उद्देश्यों के लिए— आपको अपने उत्पाद और सेवाएं ऑफ़र करने और हमारे लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत फिज़िकल गिफ़्ट्स डिलीवर करने के लिए.

**क्या Remitly शेयर करता है?:** हां

**क्या आप शेयरिंग को सीमित कर सकते/सकती हैं?:** नहीं

**जिन कारणों से हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी शेयर कर सकते हैं:** अन्य वित्तीय कंपनियों के साथ संयुक्त मार्केटिंग के लिए

**क्या Remitly शेयर करता है?:** हां

**क्या आप शेयरिंग को सीमित कर सकते/सकती हैं?:** नहीं

**जिन कारणों से हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी शेयर कर सकते हैं:** हमारे एफ़िलिएट के रोजमर्रा के कारोबारी उद्देश्यों के लिए \- आपके ट्रांज़ेक्शन और अनुभवों के बारे में जानकारी

**क्या Remitly शेयर करता है?:** हां

**क्या आप शेयरिंग को सीमित कर सकते/सकती हैं?:** नहीं

**जिन कारणों से हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी शेयर कर सकते हैं:** गैर-एफ़िलिएट के लिए आपके लिए मार्केटिंग शेयर करना

**क्या Remitly शेयर करता है?:** नहीं

**क्या आप शेयरिंग को सीमित कर सकते/सकती हैं?:** हम शेयर नहीं करते

हम कौन हैं?

Remitly, Inc. और Remitly Flex के ग्राहकों के लिए, Remitly ADV, Inc.

हम क्या करते हैं?

*Remitly मेरी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा कैसे करता है?*

हम फ़ेडरल कानून का अनुपालन करने वाले सुरक्षा उपायों का उपयोग करके आपकी व्यक्तिगत जानकारी को अनधिकृत पहुंच और इस्तेमाल से बचाते हैं. इन उपायों में कंप्यूटर सुरक्षा तथा सुरक्षित फाइलें और भवन शामिल हैं. हम काम के लिए आवश्यक होने पर ही अपने कर्मचारियों को आपकी व्यक्तिगत जानकारी को ऐक्सेस करने के लिए अधिकृत करते हैं और आपकी जानकारी की सुरक्षा के लिए, हमारे लिए काम करने वाली कंपनियों के लिए आवश्यक होने पर ही ऐक्सेस को अधिकृत करते हैं.

*Remitly मेरी निजी जानकारी को कैसे एकत्रित करता है?*

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करते हैं, उदाहरण के लिए, जब आप:

- कोई अकाउंट खोलते/खोलती हैं या हमें अपनी संपर्क जानकारी देते/देती हैं
- फ़ंड भेजने या प्राप्त करने के लिए Remitly का उपयोग करते/करती हैं

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी अन्य लोगों, जैसे एफ़िलिएट या अन्य कंपनियों से भी इकट्ठा करते हैं.

*मैं सभी शेयरिंग को सीमित क्यों नहीं कर सकता?*

फ़ेडरल कानून आपको सिर्फ़ यह जानकारी सीमित करने का अधिकार देता है:

- एफ़िलिएट के रोज़मर्रा के कारोबारी उद्देश्यों के लिए शेयर करना—आपकी साख की पात्रता की जानकारी
- एफ़िलिएट कंपनियों द्वारा जानकारी का उपयोग करके आपके लिए मार्केटिंग करना
- गैर-एफ़िलिएट के साथ आपके लिए मार्केट शेयर करना

परिभाषाएं

एफ़िलिएट: ऐसी कंपनियां, जो एक ही स्वामित्व या नियंत्रण से संबंधित हैं. ये वित्तीय और गैर-वित्तीय कंपनियां हो सकती हैं. हमारे एफ़िलिएट में Remitly नाम वाली कंपनियां शामिल हैं, जैसे कि Remitly UK Ltd, Remitly Europe Ltd या Remitly Canada, Inc.

गैर-एफ़िलिएट: ऐसी कंपनियां, जो एक ही स्वामित्व या नियंत्रण से संबंधित नहीं हैं. ये वित्तीय और गैर-वित्तीय कंपनियां हो सकती हैं.

हम जिन गैर-एफ़िलिएट के साथ व्यक्तिगत जानकारी शेयर करते हैं, उनमें हमारी ओर से सेवाएं देने वाले या काम करने वाले सेवा प्रदाता शामिल हैं.

संयुक्त मार्केटिंग: एक साथ मिलकर आपके लिए वित्तीय उत्पादों या सेवाओं की मार्केटिंग करने वाली असंबद्ध वित्तीय कंपनियों के बीच होने वाला औपचारिक समझौता. हमारे संयुक्त मार्केटिंग भागीदारों में वित्तीय कंपनियां और बैंक शामिल हैं.